श्री बंशीधर नगर, मंगलवार

03.03.2026

फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा संवत 2082

वर्ष : 04, अंक : 194


**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 06:22 बजे
अस्त - 05:56 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.




# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार


### सुविचार

कहीं न कहीं हमने यह मानना बंद कर दिया कि हम कुछ भी कर सकते हैं। और अगर हमारे पास अपने सपने नहीं हैं, तो हमारे पास कुछ भी नहीं है।

### होली की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक *बंशीधर न्यूज* के पाठकों, शुभेच्छुओं, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं को रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

रंगोत्सव के अवसर पर दैनिक *बंशीधर न्यूज* का कार्यालय 3 व 4 मार्च को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 6 मार्च को आपके हाथ में होगा।

### न्यूज अपडेट्स

#### जंगली हाथी कुएं में गिरा

खूंटी। एक जंगली हाथी सोमवार को खूंटी शहरी क्षेत्र में घुस गया, पर गनीमत रही कि गजराज ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। लोगों और वन विभाग की ओर से खदेड़े जाने पर हाथी सेरेंग डीह के एक कुंआ में गिर गया। वन विभाग की टीम उसे निकालने का प्रयास में जुट गई है।

**घोषणा** सीएम हेमंत सोरेन व टाटा सन्स के चेयरमैन एन चन्द्रशेखरन ने कहा

## नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज की होगी स्थापना

**रांची।** टाटा ग्रुप झारखंड के विकास के लिए नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज की स्थापना करेगा। इसे लेकर सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के बीच सहमति बनी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री और टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन प्रेस वार्ता कर दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह का झारखंड से काफी पुराना रिश्ता रहा है। इस समूह ने अपने सफर की शुरूआत इसी राज्य से की थी। आज



टाटा समूह की वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान है। यह समूह विभिन्न संस्थानों-प्रतिष्ठानों के माध्यम से झारखंड समेत देश के विकास में अहम योगदान देते आ रहा है । इस समूह का सफर निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुझे उम्मीद और विश्वास है कि यह सफर पूरी मजबूती के साथ अनवरत जारी रहेगा। इस मौके पर टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप झारखंड में नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज स्थापित करने की दिशा में पहल की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार और टाटा के अधिकारियों की एक टीम बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में टाटा समूह हर स्तर पर पूरा सहयोग देगी। टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि आज झारखंड जैसे राज्य में निवेश अनुकूल माहौल तैयार हो रहा है। औद्योगिक विकास को लेकर राज्य सरकार का रोड मैप निवेशकों को काफी आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री के साथ आज हुई बैठक में निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई और इसके सकारात्मक परिणाम आपको देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि टाटा समूह के कई प्रतिष्ठान इस राज्य में कार्यरत हैं। इसमें टाटा स्टील और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी फैक्ट्रियां भी शामिल हैं। अब इन प्रतिष्ठानों में नई टेक्नोलॉजी से उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे में नई टेक्नोलॉजी पर बड़े निवेश की योजना है। इसके अंतर्गत टाटा स्टील में नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से जहां प्रदूषण नियंत्रण के साथ उत्पादन की प्रक्रिया तेज होगी, वहीं उन्नत हाइड्रोजन बेस्ड वाहन निर्माण संयंत्र स्थापित किया गया है। झारखंड के विकास में टाटा समूह अपनी पूरी भागीदारी निभाना के लिए तैयार है। ऐसे में सीएसआर का दायरा बढ़ाया जाएगा । इसकी राशि में बढ़ोतरी करने की योजना है, ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि यहाँ के युवाओं के कौशल विकास में टाटा समूह राज्य सरकार के साझेदार की भूमिका निभाएगी। ताकि, आज की जरूरत के हिसाब से उनके कौशल को निखार कर तैयार किया जा सके।

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे 23 कैदियों की होगी रिहाई

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की 36वीं बैठक मंगलवार को हुई। इस बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 23 कैदियों को रिहा किए जाने से पर सहमति बनी। बैठक में राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद द्वारा अनुशंसित नए मामलों के साथ-साथ पिछली बैठकों में रिहाई से संबंधित अस्वीकृत किए गए 34 मामलों की भी गहन समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आजीवन सजा काट रहे 34 कैदियों के रिहाई प्रस्ताव पर बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया, और अंततः 23 कैदियों की रिहाई पर सहमति दी गई। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति, न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों,जेल अधीक्षकों एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्यों की समीक्षा करने के बाद यह सुनिश्चित किया कि रिहाई न्यायिक नियमों, सामाजिक सुरक्षा एवं कारा अधिनियमों के दृष्टिकोण से वैध और उचित रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने रिहा होने वाले कैदियों के लिए एक व्यवस्थित डेटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि डायन-बिसाही के आरोप में रहे कैदियों के साथ महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए।

**जमशेदजी नुसरवानजी टाटा की जयंती पर सजी लौहनगरी**

## जुबिली पार्क में भव्य विद्युत प्रकाश

**जमशेदपुर।** संस्थापक दिवस के अवसर पर जमशेदपुर एक बार फिर उत्सव और उल्लास के रंग में रंग गया है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नुसरशानजी टाटा की जयंती को लेकर पूरे नगर में विशेष तैयारियां की गई हैं। पूर्व संध्या पर ही लौहनगरी रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से आलोकित हो उठी और प्रमुख मार्गों से लेकर चौक-चौराहों तक आकर्षक सजावट देखने को मिली। शहर के प्रमुख आकर्षण जुबली पार्क में सोमवार की



संध्या भव्य विद्युत प्रकाश व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया गया। टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने संध्या छह बजे दीप प्रज्वलित कर रोशनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर टाटा इस्पात के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह प्रबंध निदेशक सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस वर्ष की सजावट को विशेष रूप से संस्थापक के जीवन, उनके दूरदर्शी विचारों और औद्योगिक योगदान को समर्पित किया गया है। विद्युत आकृतियों और प्रकाश चित्रों के माध्यम से उनके सपनों के भारत, आत्मनिर्भर उद्योग और आधुनिक नगर की परिकल्पना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है। उद्यान में प्रवेश करते ही भव्य प्रकाश द्वार आगंतुकों का स्वागत करता है, वहीं फव्वारों और वृक्षों पर की गई विशेष प्रकाश सज्जा लोगों को आकर्षित कर रही है।




# होली पर रांची के अस्पताल अलर्ट मोड में, इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे रहेंगी चालू, ओपीडी 4 मार्च को बंद




**रांची।** होली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए राजधानी रांची के अस्पताल अलर्ट मोड में हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्णय लिया है, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों और नर्सों की तैनाती की गई है। गंभीर मामलों से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों और जीवनरक्षक उपकरणों की व्यवस्था पहले से कर ली गई है। साथ ही ब्लड बैंक को अतिरिक्त रक्त उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दुर्घटना या अन्य गंभीर मामलों में रक्त की कमी न हो। होली के दौरान रंगों के अत्यधिक उपयोग और नशापान से जुड़ी घटनाओं की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन का मानना है कि इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं, झुलसने, आंखों में जलन, त्वचा संक्रमण और अन्य आपात स्थितियों के मामले बढ़ सकते हैं। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने सोमवार को बताया कि होली के दिन इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह चालू रहेंगी, जबकि ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के डॉ. राजीव रंजन ने भी जानकारी दी कि रिम्स में होली के अवसर पर इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी, लेकिन ओपीडी को 4 मार्च के लिए बंद रखा गया है। इसी तरह सदर अस्पताल रांची में भी 4 मार्च को ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। हालांकि, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी वार्ड पूरी तरह क्रियाशील रहेगा। अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। दरअसल,होली के दौरान कई लोग नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा केमिकल युक्त रंगों के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं, आंखों में जलन या संक्रमण की शिकायतें सामने आती हैं। वहीं, होलिका दहन के दौरान लापरवाही बरतने से झुलसने की घटनाएं भी होती हैं। उक्त सभी संभावित खतरों को देखते हुए ही रांची के अस्पतालों ने व्यापक तैयारियां की हैं, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

## न्यूज अपडेट्स

### 6 से 8 मार्च तक आंशिक बादल छाने से तापमान में हल्की गिरावट के आसार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 6 से 8 मार्च तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छाने के कारण अधिकतम तापमान में हल्की कमी आ सकती है। मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि उत्तर-पूर्वी बांग्लादेश और उससे सटे मेघालय क्षेत्र से लेकर विदर्भ होते हुए पश्चिम बंगाल के गंगा नदी से जुड़े इलाकों, ओडिशा के आंतरिक हिस्सों और दक्षिणी छत्तीसगढ़ तक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसका प्रभाव झारखंड समेत आसपास के राज्यों पर भी पड़ सकता है, जिससे मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान सरायकेला में 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान हजारीबाग में 14.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। इस दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मध्यम गति की हवाएं चलीं। दोपहर में धूप की तपिश महसूस की गई, हालांकि हवाओं के चलने से गर्मी अपेक्षाकृत कम लगी। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम 15.7 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम 21.4 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 35.4 और न्यूनतम 16.2 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 और न्यूनतम 18.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 और न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## सुरक्षा ▶ होली को लेकर राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# 10 हजार जवान तैनात

**रांची।** होली पर्व को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 24 जिलों में कानून-व्यवस्था के लिए होली के मौके पर विधि-व्यवस्था ड्यूटी संभालने के लिए इस बार झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी), गृह रक्षा वाहिनी, एसएसबी और रैफ के 10 हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गयी है। होली को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। डीजीपी तदाशा मिश्रा के निर्देश पर राज्यभर में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। पुलिस मुख्यालय की ओर से संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।



साथ ही सभी थाना प्रभारियों को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने पीसीआर, टाइगर पुलिस और बीट पुलिस से भी लगातार संपर्क स्थापित करते रहने का निर्देश दिया गया है।

### राजधानी में तैनात रहेंगे 04 हजार सुरक्षाकर्मी

राजधानी रांची में होली पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। जिले भर में लगभग 4000 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने बताया की जिले भर में अतिरिक्त 4000 पुलिस बल तैनात किए गए हैं। रांची जिला बल के अलावा, रैफ, एसएसबी और होमगार्ड के जवानों को लगाया गया। सभी थानों में क्विक रिस्पांस टीम भी तैनात की गई है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। सभी पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है।

होली के दौरान सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए सभी थानों में क्यूआरटी तैनात रहेगी। सभी जवानों को होली के दौरान चौकन्ना रहने का निर्देश दिया गया है। रांची के कचहरी स्थित कंट्रोल रूम में आपात स्थिति के लिए अग्निशमन वाहन और एंबुलेंस को तैनात रखा गया है। उन्होंने बताया कि होली के दौरान अक्सर लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं। ऐसे वाहन चालकों पर नकेल कसने के लिए ट्रैफिक पुलिस को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है। तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर भी नजर रखने को कहा गया है।

साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वालों पर खास नजर रखने को कहा गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर साइबर सेल को नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

## मुख्यमंत्री हेमंत से चतरा नगर परिषद के अध्यक्ष और देवघर नगर निगम के महापौर ने की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विभिन्न नगर निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। सबसे पहले चतरा नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अताउर रहमान उर्फ बाबू खान तथा सरायकेला नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दोनों को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद देवघर नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर रवि राउत तथा चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने भी मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान मंत्री हाफिजूल हसन भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान राज्य में शहरी विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### रांची में 2-3 सितंबर को होगा मतदाता पंजीकरण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने घोषणा की है कि मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची विषय पर 2 और 3 सितंबर को रांची में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय और झारखंड के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट www.icvrvr.org और ब्रोशर का शुभारंभ भी किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आईआईएम रांची, एनयूएसआरएल रांची और सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान साझेदार के रूप में शामिल होंगे। ये संस्थान मिलकर शैक्षणिक और शोध सहयोग प्रदान करेंगे। के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न लोकतांत्रिक देशों, देश के विश्वविद्यालयों, शिक्षाविदों और चुनाव प्रबंधन विशेषज्ञों के विचारों को एकत्रित कर मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 21 से 23 जनवरी तक भारत मंडपम में आयोजित आईआईसीडीईएम अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन सम्मेलन 2026 के दौरान झारखंड राज्य की ओर से मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची विषय पर प्रस्तुत व्याख्यान को अन्य देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों ने सराहा था।

## रांची में मुख्यमंत्री से मिलीं मानगो की नवनिर्वाचित मेयर सुधा गुप्ता

**रांची।** जमशदपुर के मानगो नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के बाद मेयर सुधा गुप्ता ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सुधा गुप्ता ने मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंट कर मानगो की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। प्रचंड जीत के बाद विधायक कल्पना सोरेन ने सुधा गुप्ता और बन्ना गुप्ता का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं। सुधा गुप्ता ने इस मौके



पर कहा कि यह जीत मानगो की जागरूक जनता, माताओं-बहनों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के विश्वास एवं समर्थन की जीत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुधा गुप्ता को जीत की बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार नगर निकायों के सशक्तिकरण और शहरी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मानगो के सर्वांगीण विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान सुधा गुप्ता ने मानगो क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं-पेयजल संकट और कचरा निस्तारण सहित अन्य विकास योजनाओं का विस्तृत प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और शीघ्र क्रियान्वयन के लिए सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया।

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ, समृद्ध और विकसित मानगो का निर्माण ही लक्ष्य है और राज्य सरकार के मार्गदर्शन में तेजी से कार्य किया जाएगा। अंत में सुधा गुप्ता ने कहा कि यह जीत जिम्मेदारी और सेवा का अवसर है तथा वे मानगो की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

## रांची डीसी ने जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय में की बैठक, दिया निर्देश

# पर्व-त्योहारों में ध्वनि प्रदूषण के तय मानकों का सख्ती से पालन कराएं

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में बैठक की। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री जिला प्रशासन की विभिन्न प्राथमिकताओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए समय पर पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को बधाई दी। मार्च क्लोजिंग के मद्देनजर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी विभागों को फर्जी निकासी पर विशेष सतर्कता बरतने और अंतिम समय में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाने का निर्देश दिया। विधानसभा सत्र और आगामी पर्व-त्योहारों होली, ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त ने एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) को निर्देश दिया। होली को लेकर थाना स्तर पर शांति समिति की




बैठक आयोजित करने का निर्देश भी दिया गया। पर्व-त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए तय मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों के 24 घंटे संचालन की जानकारी ली। साथ ही समाहरणालय सभागार के जीर्णोद्धार की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

### जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के निर्देश

वहीं नगरपालिका (आम) निर्वाचन में चुने गए जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर भी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की ओर से जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त की ओर नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया गया।

वहीं रांची के प्रमुख जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में उच्च न्यायालय के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिला में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और किसी भी प्रकार के फजीर्वाड़े पर सख्त रोक लगाने के निर्देश उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की ओर से दिया गया। अंचल और प्रखंड कार्यालयों में बीडीओ/सीओ सहित सभी कर्मियों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारी की ओर से बताया गया कि कार्य पूरा कर लिया गया है।

छात्रवृत्ति, धान की खरीदारी, मंईयां सम्मान से स्वावलंबन सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया।



# होली से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

बंशीधर न्यूज

**रमना :** प्रखंड में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को पुलिस प्रशासन ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च के माध्यम से आम लोगों को यह आश्वस्त किया गया कि वे बेखौफ होकर होली मनाएं। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र आजाद और थाना प्रभारी आकाश कुमार ने किया। यह मार्च थाना परिसर से शुरू होकर थाना मोड़, सर्वेश्वरी चौक, गणेश मोड़, भगत सिंह चौक, स्टेट बैंक, हाई स्कूल चौक सहित पूरे बाजार क्षेत्र और सुदूर ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरा। पुलिस बल ने गांवों और कस्बों की गलियों में भ्रमण कर आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने बताया कि होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। संवेदनशील इलाकों में विशेष गश्त रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब पीने-पिलाने, हुड़दंग करने या सोशल मीडिया पर भड़काऊ एवं भ्रामक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। फ्लैग मार्च में श्री बंशीधर नगर के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, विशुनपुरा के थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह, एएसआई राकेश कुमार सिंह समेत काफी संख्या में पुलिस बल और सशस्त्र जवान शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पारिवारिक विवाद में चली गोली, युवक घायल रिम्स रेफर

**सतबरवा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना बस स्टैंड के समीप रविवार देर रात पारिवारिक विवाद के दौरान चली गोली से बीच-बचाव करने आए युवक रोहित सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली कमर के नीचे लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल के परिजन एवं शिकायतकर्ता रीता देवी ने सतबरवा थाने में आवेदन देकर बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे उनके गोतिया विनय सिंह समेत छह लोग उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी दौरान अचानक फायरिंग कर दी गई। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे भतीजे रोहित सिंह को कमर के नीचे गोली लग गई। इस मामले में पुलिस ने विनय सिंह को मुख्य आरोपी बनाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से गोली का एक खोखा बरामद किया। मामले की जांच कर रहे एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह बच्चों के बीच हुई कहासुनी बताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

## होली मिलन ▶ सभी ने जमकर उड़ाये अबीर गुलाल

# होली गीतों का लोगों ने जमकर उठाया लुत्फ

बंशीधर न्यूज




**पांडू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाईस्कूल के खेल मैदान में सोमवार को जनप्रतिनिधियों की पहल पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ सामाजसेवी अविनाश सिंह उर्फ सिंटू सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता प्रदुम्मन सिंह, भाजपा नेता शंभू शरण सिंह सहित अन्य कई जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के अलावे क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर होली गीतों का न सिर्फ आनंद उठाया। बल्कि एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में व्यास सुरेंद्र साहनी एवं नृत्यांगनाओं की टीम ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया। पारंपरिक होली गीतों पर लोग झूमते नजर आये। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों से शांति, सद्भाव और प्रेम के साथ त्योहार मनाने की अपील की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और रिश्तों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम भी है। मौके पर मुसीखाप के उप मुखिया सतबीर सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव, हरशु शर्मा, अरविंद जहरीला, देवनंदन सिंह, सुनील पाल, संतोष कुमार, बुद्धि पासवान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### होली पर शांति बनाये रखने की रणनीति



**कांडी :** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने सभी पंचायत सचिवों के साथ होली पर्व के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर बैठक की। बैठक में बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिव अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पूरी तरह जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सभी सचिवों को मुख्यालय में बने रहने का आदेश दिया और यदि कोई छुट्टी पूर्व में स्वीकृत हुई थी तो उसे रद्द कर दिया गया। बीडीओ ने यह भी कहा कि यदि किसी भी तरह की अनहोनी या गड़बड़ी की आशंका उत्पन्न होती है तो इसकी तत्काल सूचना प्रखंड कार्यालय को दी जाय, ताकि मौके पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पंचायत सचिवों को यह याद दिलाया कि होली का त्यौहार खुशियों का पर्व है और इसे सभी को मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की जरूरत है। अंत में राकेश सहाय ने प्रखंड वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई भी दी।

# जायंट्स ग्रुप सहेली की होली मिलन समारोह



गढ़वा : जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की ओर से शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पदाधिकारियों द्वारा दीप जलाकर की गई। इसके बाद सहेली सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीत, चुटकुले और व्यंग्य प्रस्तुत कर सभी ने उत्साह और उमंग के साथ त्योहार का आनंद लिया। वातावरण पूरी तरह से रंगोत्सव के उल्लास में सराबोर रहा। इस अवसर पर सदस्यों ने आमजन से होली को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने का आह्वान किया। साथ ही केमिकल युक्त रंगों एवं कीचड़ के प्रयोग से बचने और सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष रीमा स्वरूप जबकि संचालन उपाध्यक्ष बंदना सोनी ने किया। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन की पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, गढ़वा सहेली ग्रुप की संस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व यूनिट डायरेक्टर रश्मि कमलापुरी, फेडरेशन-8 की पदाधिकारी सीमा केशरी, पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, माला केशरी, रितु जायसवाल, रंजना जायसवाल, पल्लवी पुंज, संगीता गुप्ता, वर्षा अग्रवाल, करुणा केशरी, रीना केशरी, अंजू केशरी, बिमला केशरी, प्रियंका केशरी, मंजू गुप्ता, रीता गुप्ता, सरिता जायसवाल सहित कई सदस्य उपस्थित थीं।

## गढ़वा में जायंट्स ग्रुप का होली मिलन समारोह

# एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाये

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने आम लोगों से अपील की कि वे अच्छे किस्म के रंग, अबीर और गुलाल से ही होली खेलें तथा त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी के साथ जबरदस्ती रंग न लगाने और होली के अवसर पर सभी बुराईयों को होलिका में जला कर आपसी भेदभाव मिटाने का संदेश दिया गया। होली मिलन समारोह में सदस्यों ने होलियाना अंदाज में हास्य-व्यंग्य से ओतप्रोत कविताएं, प्रहसन और गीत-संगीत प्रस्तुत किये। रंग और संगीत की धुन पर झूमते हुए सभी ने उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन-8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, मनोज केशरी, फेडरेशन-8 के उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, जायन्ट्स गढ़वा के उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, कमलेश गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक अशोक विश्वकर्मा, अरविंद तूफानी, डॉ वीरेन्द्र कुमार, चंद्रभूषण सिन्हा, चंदन चंद्रवंशी, अरुण सोनी, संजय ठाकुर, लखन बाबू सर्राफ, रितेश केशरी, रवि केशरी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### सीएस डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने संभाला आरडीडीएच का प्रभार

**मेदिनीनगर:** पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उप निदेशक स्वास्थ्य डॉ. संतोष श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने के उपरांत उनके पद का अतिरिक्त प्रभार पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने ग्रहण कर लिया है। सोमवार को उन्होंने विधिवत रूप से आरडीडीएच का कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पलामू प्रमंडल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व जनहितकारी बनाने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

### टैंकर चालक ने नियंत्रण खोया, कोई हताहत नहीं




**रमना :** प्रखंड मुख्यालय से होकर गुजरने वाली एनएच-39 सड़क पर सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा टल गया। रमना-करचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सुबह करीब साढ़े चार बजे एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे गार्ड रेलिंग से जा टकराई। टक्कर जोरदार थी लेकिन चालक बाल-बाल बच गया और उसे किसी प्रकार की चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार टैंकर श्री बंशीधर नगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और टैंकर सड़क किनारे लगे गार्ड रेलिंग से टकरा गई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक की पहचान संतोष कुमार के रूप में हुई है जो रीवा (मध्य प्रदेश) का निवासी बताया जा रहा है। चालक ने बताया कि नींद लग जाने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका जिससे यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि टैंकर औरंगाबाद (बिहार) से राखड़ लोड करने बैढ़न (मध्य प्रदेश) जा रही थी। गनीमत रही कि हादसा ज्यादा गंभीर नहीं हुआ। घटनास्थल के पास ही ग्रामीणों के घर हैं, ऐसे में बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### होली को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शांति पूर्ण होली मनाने की अपील



**श्री बंशीधर नगर :** एसपी अमन कुमार के निदेर्शानुसार नगर ऊंटारी थाने की पुलिस ने होली को लेकर फ्लैग मार्च किया। सोमवार को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में किये गये फ्लैग मार्च में पुलिस ने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, चेचरिया, विशुनपुर, पुरनानगर, धुरकी मोड़, चितविश्राम, जंगीपुर, हेंहो मोड़, पाल्हे कला, जतपुरा आदि का भ्रमण कर लोगों से शान्तिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने या हुड़दंग मचाने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। फ्लैग मार्च में पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी नगर उपेंद्र कुमार, विशुनपुरा के राहुल सिंह, रमना के आकाश कुमार के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

### लोक कलासाधक विक्रमा व्यास का निधन




**गढ़वा :** लोक गायकी विशेषकर नारदी विधा के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाने वाले गढ़वा जिले के प्रख्यात लोक कलासाधक विक्रमा व्यास का निधन हो गया। विक्रम संवत 2082 के फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से समूचे कला जगत में शोक की लहर है। विक्रमा व्यास ने अपने जीवनकाल में लोक गायन की विभिन्न विधाओं के माध्यम से समाज को सांस्कृतिक समृद्धि प्रदान की। भजन-कीर्तन के साथ-साथ दो गोला गायन में भी उन्होंने कई कीर्तिमान स्थापित किये और इस विधा को नई ऊंचाई दी। उनकी गायकी में आध्यात्मिकता, लोक परंपरा और सामाजिक संदेश का अद्भुत संगम देखने को मिलता था। लोककला की सेवा करते हुये उन्होंने अनेक शिष्यों को प्रशिक्षित कर लोक गायन की परंपरा को आगे बढ़ाया। उनके शिष्य आज भी विभिन्न मंचों पर उनकी परंपरा को जीवित रखे हुये हैं। अखिल भारतीय कला एवं साहित्य संस्था संस्कार भारती की गढ़वा जिला इकाई ने भी बाबा बंशीधर की पावन नगरी में उन्हें कला गुरु सम्मान से अलंकृत किया था। संस्कार भारती झारखंड प्रांत के कला धरोहर संयोजक नीरज श्रीधर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।



# डीडी के डायरेक्टर ने रांची में डॉ. कौशल को किया सम्मानित

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजधानी रांची स्थित होटल बीएनआर चाणक्या में आयोजित भव्य सिल्वर जुबली समारोह में दिल्ली दूरदर्शन के डायरेक्टर पंकज पांडेय ने प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ. कौशल किशोर जायसवाल को झारखंड अवार्ड से सम्मानित किया। समारोह का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता एवं ट्री मैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात डॉ. कौशल ने राज्यपाल, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर तथा पूर्व गृह मंत्री सुदेश महतो को हिमाचल प्रदेश का कपूर का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डॉ. कौशल ने पर्यावरण धर्म की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला और देशवासियों से इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि वर्ष 1967 से वे निःशुल्क पौध वितरण एवं रोपण अभियान चला रहे हैं तथा 1977 से अपने निजी संसाधनों से वनराखी मूवमेंट का संचालन कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में अब तक देश-विदेश के 25 राज्यों के 171 जिलों में 55 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, वहीं 23 लाख से अधिक वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया है। डॉ. कौशल द्वारा पलामू जिले के कौशल नगर (डाली बाजार) में निर्मित पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का उद्घाटन 12 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणविदों की उपस्थिति में किया गया था। इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन विषयक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। डॉ. कौशल की जीवनी झारखंड मैन ऑन मिशन स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल है तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उनके कार्यों से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।

**न्यूज अपडेट्स**

## चार कट्ठा में लगी अफीम की फसल नष्ट

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खामडीह के जंगली इलाकों में वन भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती को चिन्हित कर विनष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई में करीब चार कट्ठा क्षेत्र में लगी फसल को मौके पर ही नष्ट किया गया। एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि जिले को नशामुक्त और सुरक्षित बनाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध अफीम/पोस्ता की खेती एवं तस्करी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। गोपनीय सूचना के आधार पर ताल पिकेट पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल एवं स्थानीय चौकीदार की संयुक्त टीम ने दुर्गम और जंगली क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान वन भूमि पर अवैध रूप से की जा रही करीब चार कट्ठा क्षेत्र की अफीम/पोस्ता की खेती का पता चला, जिसे विधिवत रूप से नष्ट कर दिया गया। पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

**पलामू** ▶ **सनातन धर्म सभा का होली मिलन समारोह**

# सामाजिक समरसता अति आवश्यक : किशोर

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में सामाजिक समरसता का होना अत्यंत आवश्यक हो गया है। आज जब विधायिका में विकास से जुड़ी बातें होनी चाहिए, तब अनावश्यक और भटकाने वाली चचाओं का प्रवेश चिंताजनक है। उन्होंने यह बातें नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित लेस्लीगंज मध्य विद्यालय परिसर में सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। मंत्री श्री किशोर ने कहा कि वे इसी लेस्लीगंज की मिट्टी के लाल हैं और यहां की मिट्टी का तिलक लगाकर यह संकल्प लेते हैं कि जिस प्रकार होली के पर्व पर सभी रंग मिलकर सौहार्द का संदेश देते हैं, उसी प्रकार वे समाज में सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों को



आश्वस्त किया कि जब भी जनता को उनकी आवश्यकता होगी, वे मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे।युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि वे सदैव विकास कार्यों को प्राथमिकता देते रहे हैं और जनता के प्रेम व विश्वास को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। युवा नेता वरुण तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व कल्याण का संदेश देता है और सामूहिक प्रयासों से समाज में ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जिसमें सभी के स्वाभिमान की रक्षा हो सके। रुद्र शुक्ला ने होली की शुभकामनाएं देते हुए सनातन धर्म सभा के इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की गरिमा पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शिशिर शुक्ला की टीम द्वारा प्रस्तुत होली गीतों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम संयोजक लव मेहता, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, चंडीगढ़ आप पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, वरुण जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तारकेश्वर पासवान,, अरुण सिंह को बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय संरक्षक बलकेश पासवान, रामप्रकाश तिवारी, राजू गुप्ता, मुनेंद्र नाथ दूबे, अवध किशोर राय, शिव शंकर पासवान, मीडिया प्रभारी चंदन दूबे, आकाश सिंह, दिलीप तिवारी, पिंटू कश्यप, प्रधानाध्यापक अरविंद राम, विश्वनाथ राम, संत तिवारी, मनोज सोनी, कृषक मित्र के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह, समाजसेवी राजन सिंह, मिंटू तिवारी, किरानी पासवान, रामनारायण तिवारी, उमाशंकर मिश्रा महानायक, व्यास शिव चौधरी, अंकु राय, व्यास प्रेम गिरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एकता, खुशी और सकारात्मकता की जीत का प्रतीक है होली : प्रिंसिपल

## आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में होली समारोह

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में सोमवार को रंगों का त्योहार होली धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ शिक्षकों एवं छात्रों ने रंग खेलकर किया। त्योहार के मौके पर स्कूल परिसर जहां रंगों से



भर गया। वहीं लोगों में एकता और खुशी का भाव बढ़ा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने होली के महत्व को दर्शाने वाले गीत, नृत्य और छोटे नाटक प्रस्तुत किया, जो प्रेम और अच्छाई की जीत का संदेश देते हैं। उस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ पन्नालाल पुताईंडी ने कहा कि भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के लिये जाना जाता है, होली को अपने सबसे बड़े त्योहारों में से एक के रूप में मनाया जाता है, जो एकता, खुशी और सकारात्मकता की जीत का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदारी से त्योहार मनाने की सलाह दी और कहा की पर्व को रंगों के साथ खेलें जिससे कि पर्यावरण या किसी को नुकसान न पहुंचे। समारोह का समापन हंसी, संगीत और एक साझा समुदाय की भावना के साथ हुआ, जिससे सभी को एक रंगीन और अर्थपूर्ण होली की यादें मिलीं। उस मौके पर सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## यंग जायन्ट्स ग्रुप ने थैलेसीमिया मरीज की जान बचाई



**गढ़वा :** मानवता की मिसाल पेश करते हुये यंग जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा ने एक थैलेसीमिया मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। मरीज को ओ पॉजिटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही टीम सक्रिय हुई और तुरंत अस्पताल पहुंचकर मदद की। ग्रुप के अध्यक्ष मनीष कुमार केशरी ने स्वयं आगे आकर एक यूनिट रक्तदान किया। उनके इस सराहनीय कदम से मरीज और परिजनों ने राहत की सांस ली। मौके पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों एवं गरीबों की सेवा के लिये संगठन सदैव तत्पर रहेगा। सदस्यों ने कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिये। मौके पर उपाध्यक्ष प्रियांशु केशरी, पूर्व अध्यक्ष अंशित केशरी, सचिव वैभव प्रकाश भी उपस्थित थे।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा शांति और अनुशासन के साथ संपन्न



**कांडी :** प्रखंड में सोमवार को आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। प्रखंड के 12 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1917 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये। जबकि केवल चार विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल लमारी कला सेंटर पर 248, प्लस टू हाईस्कूल कांडी में 442 उपस्थित एवं तीन अनुपस्थित, हाईस्कूल बरवाडीह में 140, बुनियादी सेमौरा में 20, बलियारी में 54, प्लस टू हाईस्कूल गरदाहा सेंटर पर 253, हाईस्कूल सोहगड़ा में 175, प्लस टू हाईस्कूल खरौंधा में 126, मिडिल स्कूल खरौंधा में 52, हाईस्कूल हरिहरपुर में 231 उपस्थित एवं एक अनुपस्थित, मध्य विद्यालय खरौंधा में 68 और हाईस्कूल कांडी परीक्षा केंद्र पर 108 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये। बीपीओ रवीन्द्र कुमार मेहता ने परीक्षा के दौरान कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों और वीक्षकों को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने के लिये धन्यवाद दिया। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सभी केन्द्रों में सख्त अनुशासन का पालन किया गया और परीक्षा समय पर प्रारंभ और समाप्त हुई।

## चैनपुर में सम्मान समारोह आयोजित, सांसद वीडी राम का जताया आभार



**मेदिनीनगर:** विवेकानंद चौक के निकट विशाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दूसरी बार नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय को भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की जनता ने स्वागत व अभिनंदन किया। वक्ताओं ने सांसद वीडी राम का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने फिर से अपने क्षेत्र के विकास के लिए कर्मठ योग्य एवं निष्ठावान नेता भोला पांडेय को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। कहा कि पलामू प्रमंडल का विकास आजादी के बाद पहली बार किसी सांसद के द्वारा किया जा रहा है, जो की बहुत ही सराहनीय है। मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय ने कहा कि सांसद वीडी राम ने बहुत ही कर्मठ एवं जुझारु अपने कार्यकर्ता के दुख सुख में साथ रहनेवाले व्यक्ति भोला पांडेय को दूसरी बार सांसद प्रतिनिधि नियुक्त करके बहुत ही सराहनीय कार्य किए हैं। इनके नेतृत्व में चौनपुर प्रखंड में विकास की गति और भी तेज होगी। कार्यक्रम का संचालन लोजपा नेता शशांक सुमन ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि पलामू सांसद एक सकारात्मक सोच लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन पर चलते हुए विकास की गंगा बहा रहे हैं। मौके पर उपस्थित पूर्व वार्ड पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी, वार्ड 31 के भाजपा नेता मनोज दास, राजेश सिंह, समाजसेवी त्रिपुरारी जायसवाल, पंकज जायसवाल, राकेश जयसवाल, आकाश कुमार चंद्रवंशी, अवध बिहारी गुप्ता, राकेश कुमार, लड्डू पासवान, राज पासवान, सुशील गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद, लवलेश प्रजापति, महिला मोर्चा अध्यक्ष वर्षा चंद्रवंशी, महेंद्र पासवान, अजीत चौधरी, गुड्डू चौधरी आदि मौजूद थे।

**राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा को लिखा पत्र**

# पलामू को एम्स स्तरीय अस्पताल की सख्त जरूरत

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर पलामू जिले में एम्स स्तरीय सरकारी अस्पताल की स्थापना की मांग की है। उन्होंने कहा कि पलामू और आसपास के क्षेत्रों की बड़ी आबादी को आज भी उच्च स्तरीय और सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का



सामना करना पड़ रहा है। देवेश तिवारी ने पत्र में उल्लेख किया है कि हाल ही में पलामू सांसद बीडी राम के अचानक अस्वस्थ होने पर उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यह उदाहरण बताता है कि जिले में सरकारी स्तर पर अत्याधुनिक और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर पलामू की गरीब और साधन-विहीन जनता निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराने की स्थिति में नहीं होती। गंभीर बीमारियों की स्थिति में कई परिवारों को घर-बार तक बेचने को मजबूर होना पड़ता है, फिर भी उन्हें समुचित और गुणवत्तापूर्ण इलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि पलामू जैसे आदिवासी बहुल और पिछड़े जिले में एम्स स्तरीय अस्पताल की स्थापना से न केवल जिले, बल्कि आसपास के गढ़वा, लातेहार और चतरा जिलों के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इससे मरीजों को रांची, वाराणसी या पटना जैसे बड़े शहरों में जाने की मजबूरी से राहत मिलेगी। देवेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री से मांग की है कि पलामू जिले की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यहां शीघ्र एम्स स्तरीय अस्पताल की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि आम जनता को सुलभ, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

## शिव के समता और त्याग के मार्ग पर चलना ही सच्ची साधना: अविनाश देव



**मेदिनीनगर:** पाटन थाना क्षेत्र के लोइंगा मध्य विद्यालय परिसर में शिवचर्चा सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश देव का स्वागत वरेण्य गुरु भाई गोकुलानंद तिवारी ने अंगवस्त्र भेंट कर किया। अविनाश देव ने कहा कि भगवान शिव का जीवन समता, त्याग, तप और करुणा का अनुपम उदाहरण है। शिव के मार्ग पर चलना ही सच्ची साधना है। समारोह के दौरान पारंपरिक होली एवं भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। महिला–पुरुषों की टोलियों ने फाग गायन प्रस्तुत किया। मौके पर प्रतिमा बहन, ओंकार नाथ तिवारी, अमोद भैया, राधेश्याम गुरु भाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## शादी के बाद पूजा-पाठ में जुटे रश्मिका और विजय, रिसेप्शन पार्टी 4 मार्च को

उदयपुर में 26 फरवरी को शादी रचाने के बाद अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और अभिनेता विजय देवरकोंडा अब हैदराबाद लौट आए हैं। यह नवविवाहित जोड़ा 4 मार्च को एक भव्य रिसेप्शन पार्टी आयोजित करेगा, जिसमें फिल्म जगत की कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस खास आयोजन से पहले दोनों ने पारंपरिक तरीके से अपने नए जीवन की शुरूआत करते हुए धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। रिसेप्शन से पहले रश्मिका और विजय तेलंगाना में स्थित विजय के पैतृक गांव थुम्मनपेट पहुंचे, जहां उनके फार्महाउस पर भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों ने परिवार के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में नवविवाहित जोड़े को एक-दूसरे का हाथ थामे गांव में प्रवेश करते देखा जा सकता है, जहां उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। वीडियो में विजय हल्के हरे रंग के कुर्ते में नजर आए, जबकि रश्मिका गहरे नीले रंग की रेशमी साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं। गांव में दोनों की एक झलक पाने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शादी के बाद इस तरह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शुरूआत करना उनके परिवार और संस्कृति से जुड़ाव को दशार्ता है।

## फर्स्ट लुक पोस्टर में दिखा सूर्या का दमदार अवतार



साउथ भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म, जिसे अब तक 'सूर्या 46' के नाम से जाना जा रहा था, का आधिकारिक टाइटल 'विश्वनाथ एंड संस' घोषित कर दिया गया है। निमार्ताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता और बढ़ा दी है।

जारी किए गए पोस्टर में सूर्या एक ऊंची इमारत के भीतर खड़े नजर आ रहे हैं और उनकी गोद में एक छोटा बच्चा है। दोनों के चेहरों पर हल्की मुस्कान फिल्म की भावनात्मक कहानी की ओर इशारा करती है। यह फिल्म एक पारिवारिक और इमोशनल ड्रामा बताई जा रही है, जिसमें रिश्तों की गहराई और भावनाओं को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन वेंकी एटलुरी कर रहे हैं।

फिल्म में सूर्या के साथ रवीना टंडन और ममिता बैजू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। 'विश्वनाथ एंड संस' जुलाई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, हालांकि इसकी सटीक रिलीज तारीख का ऐलान अभी बाकी है।

## इजरायल ने ईरान की गैस रिफाइनरी पर किया हमला, बर्बाद हुआ डिफेंस सिस्टम



# खामेनेई की पत्नी का निधन, युद्ध हुआ तेज

### ईरान के पलटवार से खाड़ी में अमेरिकी ठिकाने निशाने पर



**तेहरान/वॉशिंगटन/दोहा।** इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध तीसरे दिन और तेज हो गया है। ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के दो दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरेह खोजास्ते बघेरजादेह का भी निधन हो गया। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, हालिया संयुक्त अमेरिकी-इजराइली हमलों में घायल हुईं मंसूरेह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस बीच स्पेन ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने स्पष्ट किया कि स्पेनिश बेस इस ऑपरेशन का हिस्सा नहीं हैं। फैसले के बाद रोटा और मोरॉन एयरबेस से 15 अमेरिकी विमान रवाना हो गए। ईरान ने बहरीन, कुवैत, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित कम से कम छह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। तुर्किये की सरकारी एजेंसी अनादोलु एजेंसी की रिपोर्ट में सैटेलाइट तस्वीरों और आधिकारिक बयानों के हवाले से कहा गया है कि हमलों में कई सैन्य संरचनाओं और संचार तंत्र को नुकसान पहुंचा। कुवैत में एक हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि की गई थी, जबकि बाद में संयुक्त राज्य अमेरिका केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने चौथे सैनिक के भी दम तोड़ने की जानकारी दी। दूसरी ओर, कतर ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान के दो लड़ाकू विमान मार गिराए और सात बैलिस्टिक मिसाइलों व पांच ड्रोन को इंटरसेप्ट किया। इसी बीच कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी कतर एनर्जी ने रास लफ्फान और मेसाईद औद्योगिक शहरों में एलएनजी उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया है।

### ट्रंप का बिग वेव संकेत, ब्रिटेन से नाराजगी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के खिलाफ सबसे बड़ा हमला अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अभी अपनी पूरी ताकत नहीं झोंकी है और आने वाले दिनों में कार्रवाई तेज हो सकती है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से भी ट्रंप की नाराजगी सामने आई है। दरअसल, हिंद महासागर स्थित ब्रिटिश सैन्य अड्डे डिएगो गार्सिया के इस्तेमाल की अनुमति 48 घंटे बाद दी गई, जिसे लेकर वॉशिंगटन असंतुष्ट बताया जा रहा है। पेंटागन में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सख्त संदेश देते हुए कहा, हमने युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन इसे खत्म हम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान की कोई तय समय-सीमा नहीं है और अंतिम निर्णय राष्ट्रपति के हाथ में है।

### खाड़ी देशों में हमले, कतर का दावा

कतर ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान के दो फाइटर जेट मार गिराए और सात बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया। वहीं ईरान ने बहरीन, कुवैत, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित छह अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा है कि ईरान की ओर से मिसाइलों की नई खेप दागी गई, जिन्हें एयर डिफेंस सिस्टम ने रोका। वहीं कतर एनर्जी ने रास लफ्फान और मेसाईद इंडस्ट्रियल सिटी में एलएनजी उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया है।

### वैश्विक कूटनीति तेज, चीन और स्पेन का रुख

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरान के समर्थन की बात दोहराते हुए अपने समकक्ष अब्बास अराघची से बातचीत में कहा कि बीजिंग तेहरान की संप्रभुता की रक्षा का समर्थन करता है और अमेरिका-इजराइल से सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील करता है। स्पेन ने भी स्पष्ट किया है कि वह ईरान पर हमलों के लिए अपने सैन्य अड्डों का इस्तेमाल नहीं होने देगा। विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस के बयान के बाद रोटा और मोरॉन एयरबेस से 15 अमेरिकी विमान रवाना हो गए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रों ने 1992 के बाद पहली बार देश के परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की है। वहीं, ईरान के इस्फहान स्थित परमाणु ठिकाने के पास धमाकों की खबर है।

## भारत-कनाडा के बीच 8 करार, 9 घोषणाएं, व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति



**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है। वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ। भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारतझ्रकनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा। साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा। मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। वहीं कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा। विश्वविद्यालय कनाडा एक नई कनाडा-भारत संयुक्त योग्यता एवं नवाचार रणनीति लांच करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और इनोवेशन जैसे क्षेत्र में यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन के बीच 24 साझेदारी समझौते होना तय किया गया है। इसके अलावा ग्लोबलिंक रिसर्च इंटर्नशिप, महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि इस दौरे के पांच ठोस नतीजे मिले। पहला, सीईपीए के लॉन्च के जरिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी। सीईपीए के लिए शर्तों पर साइन करने से 2026 के आखिर तक एक बड़ा, संतुलित और दोनों के लिए फायदेमंद समझौता करने का एक साफ रोडमैप मिलता है। कुमारन ने बताया कि नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री के बीच इजराइल-ईरान संकट पर चर्चा हुई। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता जताई तथा सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर दिया गया। अपराध के मुद्दे पर कुमारन ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच सुरक्षा सहयोग मजबूत हो रहा है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठकें दिल्ली और ओटावा में हुईं। आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह सक्रिय है। प्रत्यर्पण व कानूनी सहयोग पर चर्चा जारी है। नशीले पदार्थों और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमति बनी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वक्तव्य में मेहमान नेता की दोनों देशों के संबंधों को गति देने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जल्द होने जा रहा व्यापार समझौता दोनों देशों में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अति आवश्यक खनिजों को लेकर हुए समझौते से सप्लाई मजबूत होगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में दोनों के स्टार्टअप और बिजनेस आपस में जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान आतंकवाद और चरमपंथ को मानवता की साझा चुनौती बताया और कहा कि इसके खिलाफ दोनों देशों का सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बेहद जरूरी है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने संवाद और कुटनीति से माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन किया। साथ ही बताया कि मौजूदा परिस्थियों में भारत अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा। वहीं कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों की सरकारों के बीच सहयोग में विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा, यह महज एक रिश्ते का नवीनीकरण नहीं है, बल्कि एक मूल्यवान साझेदारी का विस्तार है जिसमें नई महत्वाकांक्षा, लक्ष्य और दूरदर्शिता झलकती है। यह दो आत्मविश्वासी देशों की साझेदारी है जो भविष्य के लिए अपना मार्ग स्वयं तय कर रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पिछले दशक में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और एक बड़ी ताकत बन गया है। इस संदर्भ में कनाडा उनकी महत्वाकांक्षा और उद्देश्य की भावना को साझा करता है।

नीति आयोग ने की राष्ट्रीय कार्यशाला

# किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती पर जोर




**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने अपने राज्य सहायता मिशन (एसएसएम) के तहत प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें देश भर से किसानों, नीति निमार्ताओं, वैज्ञानिकों, स्टार्टअप और नागरिकों ने एक साथ भाग लिया। महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, इनपुट लागत को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती की भूमिका पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक खेती पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रशिक्षण नियमावली की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य किसानों, विस्तार अधिकारियों और जमीनी स्तर के कार्यकताओं को प्राकृतिक खेती पद्धतियों पर क्षेत्र-प्रासंगिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने टिकाऊ, किसान-केंद्रित कृषि प्रणालियों के महत्व और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, इनपुट लागत को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती की भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय और गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय सहित प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही। पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल और ओडिशा के किसानों, कृषि अधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती पर विचार-विमर्श किया। नीति आयोग के मुताबिक एपीडा, नाबार्ड, सहकारिता मंत्रालय, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन विभाग (डीएएचडी), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान सहित प्रमुख केंद्रीय संस्थानों और मंत्रालयों के अधिकारियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया और अभिसरण, प्रमाणीकरण, बाजार संबंधों और संस्थागत समर्थन पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में कृषि क्षेत्र के स्टार्टअप, नागरिकों, अग्रणी किसानों और किसान उत्पादक समूहों ने देश में प्राकृतिक खेती को समर्थन देने वाले बढ़ते इको-सिस्टम पर बल दिया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)